# प्रसार भारती

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**21.01.2026 9:20 बजे**

**'मुख्य समाचार''**

- आम जनता को सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध करवाने के लिए उड़ान योजना के तहत आज से प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में शुरू होगी हैली टैक्सी सेवा।
- इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना के तहत मनाली विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को पहली अप्रैल से मिलेंगे 15 सौ रूपये मासिक।
- प्रदेश परिवहन विभाग धर्मशाला के नड्डी में एशिया का सबसे बड़ा जिप लाईन प्रोजेक्ट कर रहा तैयार।
- प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आज और कल विशेष "एंटी–चिट्टा ग्राम सभाओं" का आयोजन।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में कल से मध्यम व उंचाई वाले क्षेत्रों में वर्षा और बर्फबारी की जताई संभावना।

**उड़ान सेवा**

आम जनता के लिए हवाई यात्रा सस्ती बनाने और दूरदराज क्षेत्रों में हवाई कनैक्टीविटी प्रदान करने के उददेश्य से केंद्र सरकार की प्रमुख योजना रिजनल कनैक्टीविटी सिस्टम–उड़ान के तहत आज से प्रदेश में दूरदराज क्षेत्रों के लिए हैली टैक्सी सेवा शुरू की जा रही है। इस सेवा का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला के संजौली हैलीपैड से करेंगे। इसके तहत शिमला–रामपुर–रिकांगपिओ, शिमला–कुल्लू ओर शिमला चंडीगढ़ हवाई रूट पर हैली टैक्सी सेवा आज से शुरू होगी। हैली टैक्सी सेवा शुरू होने से दूर दराज क्षेत्रों के लिए इमरजेंसी सेवाओं में मददगार हवाई कनैक्टीविटी स्थापित होगी।

**मुख्यमंत्री**

इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना के तहत मनाली विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को पहली अप्रैल से 15 सौ रूपये मासिक मिलेंगे। ये घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल विंटर कार्निवाल मनाली में कहा कि प्रदेश के जनजातीय जिलों में कई स्थानों पर ये योजना शुरू

की जा चुकी है। इसी कड़ी में अब मनाली विधानसभा क्षेत्र को जोड़ा गया है जिससे यहां महिलाओं को आर्थिक संबल मिलेगा।

***महिलाओं को जिनकी आय 1,2 लाख या 3 लाख रूपये है होगी । उनकों हम 15 सौ रूपये देंगे। लाहौल–स्पिति में हमने देश शुरू कर दिया। पांगी में हमने देना शुरू कर दिया। आप जल्दी से अपने फार्म भरिये। एक अप्रैल 2026 से आपके अकांउट में 15 सौ रूपये मिलने शुरू हो जायेंगे। मनाली विधानसभा क्षेत्र में हम एक अप्रैल 2026 से 15 सौ रूपये इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना का देना शुरू कर देंगे।***

**मुकेश अग्निहोत्री**

प्रदेश परिवहन विभाग धर्मशाला के नड्डी में एशिया का सबसे बड़ा जिपलाइन प्रोजेक्ट तैयार कर रहा है। यह जिपलाइन 4 दशमलव 2 किलोमीटर लंबा ग्रीन प्रोजेक्ट होगा, जिसमें किसी भी प्रकार का पेड़ कटान नहीं किया जाएगा। ये जजानकरी देते हुए उप–मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि एशिया का सबसे बड़ा जिपलाइन तैयार होने से धर्मशाला में पर्यटकों के लिए एक बड़ा आकर्षण स्थापित होगा। वहीं शिमला रोपवे प्रोजेक्ट पर अग्निहोत्री ने बताया कि यह परियोजना अपनी तय समय सीमा से 4 से 5 साल पीछे चल रही है। जिसकी वजह से लागत बढी है इसलिए इस प्रोजेक्ट को सलाह के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा गया है, क्योंकि योजना का 80 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार और एन.डी.बी. द्वारा वहन किया जाना है।

**विंटर कार्निवाल**

पर्यटन स्थल मनाली में राष्ट्रीय शीतकालीन कार्निवाल बीते कल से आरम्भ हो गया है। 5 दिवसीय इस कार्निकाल का मुख्य उद्देदश्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना और हिमाचल की समृद्ध संस्कृति को देश विदेश तक पहुंचाना है। विस्तृत रिपोर्ट के साथ न्यूज रूम से हमारी सहयोगी––––––

***मनाली में कल से शुरू हुए राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल में आज दूसरे दिन महानाटी का आयोजन किया जाएगा । जिसमे व्यास नदी के लेफ्ट बैंक क्षेत्र के महिला मंडलो की महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा पहन कर नाटी प्रस्तुत करेगी। वहीं कार्निवाल में पहली सांस्कृतिक संध्या में बीती शाम स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्निवाल में आज से विंटर क्वीन प्रतियोगिता, टेलेन्ट हंट, वॉयस आफ कार्निवाल के प्रथम राऊंड भी शुरू होंगे। इसके अलावा दिन के समय मनु रंगशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे जिसमे देश व प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए कलाकार व सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे***

***कुल्लू जिला सम्वाद्दाता आशीष शर्मा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं पुष्पा ठाकुर***

**एंटी–चिट्टा ग्राम सभा**

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आज और कल विशेष "एंटी–चिट्टा ग्राम सभाओं" का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल प्रदेश सरकार के एंटी चिट्टा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता और समाज की भागेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे शिमला ज़िला सम्वाद्दाता............

***इन विशेष ग्राम सभाओं में नशे, विशेषकर चिट्टा के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता, नशा तस्करों की सूचना देने पर राज्य सरकार द्वारा नकद इनाम देने का निर्णय, नशे के आदी व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु सरकार की पहल बारे और ग्राम पंचायत को नशा मुक्त बनाने के***

*लिए प्रधान द्वारा शपथ ग्रहण आदि बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ग्राम सभाओं में अधिकतम जन–भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्रामसभा के सभी वयस्क सदस्य, ग्राम पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह (ैभ्ळ), युवक मंडल और महिला मंडल के प्रतिनिधि, सभी विभागों के अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, स्कूल प्रबंधन कमेटियां, सरकार द्वारा नोटिफाई की गई नशा निवारण समितियों के सभी सदस्य व स्थानीय संस्थान और गांव के विकास से जुड़े अन्य हितधारक भाग लेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए मैं योगराज शर्मा...........*

**शिपकी ला**

किन्नौर जिले में भारत तिब्बत सीमा पर स्थित शिपकी ला दर्रा हाल ही में पर्यटकों के लिए खोला गया है। इस स्थल के पर्यटन महत्व को देखते हुए भारतीय सेना ने यहां नामग्या गांव में एक पर्यटन सुविधा केंद्र स्थापित किया है। इसका उद्घाटन लेफ्टिनेंट जनरल डी. जी. मिश्रा ने किया। यह केंद्र शिपकी ला क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों की मदद के लिए बनाया गया है, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान आराम और जरूरी सुविधाएं मिल सकें। इस स्थल से रेओ पुर्ग्यिल पहाड़ और सतलुज घाटी का सुंदर नजारा देखने के लिए अब पर्यटक पहुंचने लगे है।

**मौसम**

प्रदेश में लंबे समय से चल रही सूखे की स्थिति समाप्त होने की उम्मीदें बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आज से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से कल 22 जनवरी को राज्य के मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले अधिकांश स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना बनी है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 23 जनवरी को पूरे राज्य में वर्षा और बर्फबारी के आसार हैं। विभाग ने 23 जनवरी को चंबा और कुल्लू ज़िलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और तूफान का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में 27 जनवरी तक मौसम के खराब बने रहने की संभावना है।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–**सी.बी.एस.ई स्कूलों से 10 साल तक ट्रांसफर नहीं, 8 सौ अस्थाई शिक्षक भी होंगे भर्ती।** पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**मनाली विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को एक अप्रैल से मिलेंगे 15 सौ रूपये।**

दैनिक जागरण की खबर है–**सरकार का 50 नई पंचायतें बनाने का प्रस्ताव।** इसी खबर पर दिव्य हिमाचल लिखता है–**28 फरवरी से पहले जारी किया जाए आरक्षण रोस्टर–पंचायत चुनावों को लेकर राज्य चुनाव आयोग के हिमाचल के अफसरों को निर्देश।**

मौसम पर हिमाचल दस्तक लिखता है–**कल रात से बदलेगा मौसम का मिजाज–हिमाचल में बढ़ेगी, शीत लहर से कपंकपी।**

**'' मुख्य समाचार एक बार फिर ''**

- आम जनता को सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध करवाने के लिए उड़ान योजना के तहत आज से प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में शुरू होगी हैली टैक्सी सेवा।

- इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना के तहत मनाली विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को पहली अप्रैल से मिलेंगे 15 सौ रूपये मासिक।

- प्रदेश परिवहन विभाग धर्मशाला के नड्डी में एशिया का सबसे बड़ा जिप लाईन प्रोजेक्ट कर रहा तैयार।

- प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आज और कल विशेष "एंटी–चिट्टा ग्राम सभाओं" का आयोजन।

- मौसम विभाग ने प्रदेश में कल से मध्यम व उंचाई वाले क्षेत्रों में वर्षा और बर्फबारी की जताई संभावना।